मेहर करो सांवरिया

मेहर करो मेरे सांवरिया,
मेहर करो मेरे सांवरिया,
खाली पड़ी है, खाली पड़ी है,
खाली पड़ी है, मोरी गागरिया,
मेहर करो मेरे सांवरिया,
मेहर करो मेरे सांवरिया......

साथ चले जो साथ निभाने,
आज हुए वो सब बेगाने,
आस तेरी, नट नागरिया,
मेहर करो मेरे सांवरिया,
मेहर करो मेरे सांवरिया.......

श्याम मेरे मैं दास हूं तेरा,
एक सहारा मुझको तेरा,
अर्ज करे तेरा चाकरिया,
मेहर करो मेरे सांवरिया,
मेहर करो मेरे सांवरिया........

आज करो हे श्याम सुनाई,
रो रो तुझको दूं मैं दुहाई,
रंग दे तू मेरी चादरिया,
मेहर करो मेरे सांवरिया,
मेहर करो मेरे सांवरिया.......

तेरा कुछ ना घट जायेगा,
काम मेरा भी बंट जायेगा,
हर्ष कहे सुन सांवरिया,
मेहर करो मेरे सांवरिया,
मेहर करो मेरे सांवरिया.......

मेहर करो मेरे सांवरिया,
मेहर करो मेरे सांवरिया,
खाली पड़ी है, खाली पड़ी है,
खाली पड़ी है, मोरी गागरिया,
मेहर करो मेरे सांवरिया,
मेहर करो मेरे सांवरिया.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30117/title/mehar-karo-sanwariya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |